(166)

सेवा में,

श्रीमान लोक सूचना अधिकारी,
भारतीय वन्य जीव संस्थान,
देहरादून, उत्तराखण्ड।

विषयः सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि प्रार्थी निम्न बिन्दुओं की जानकारी चाहता है, जानकारी देने की कृपा करें :–

1. यह कि भारतीय वन्य जीव संस्थान ने कितनी एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया है ?

2. यह कि यदि भारतीय वन्य जीव संस्थान ने 20.38 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया है तो भारतीय वन्य जीव संस्थान द्वारा कितनी भूमि पर अधिग्रहण की सीमा सीमांकित की गयी ?

3. अधिग्रहत भूमि का कितना भूमि क्षेत्रफल अपने आवास के लिए आवंटित किया है ?

4. क्या कभी खेवट संख्या 1/2 दून हाउसिंग कम्पनी लि0 के नाम दर्ज है तो द0 दून हाउसिंग के दर्ज खसरा नं0 का विवरण ?

5. क्या कभी भारतीय वन्य जीव संस्थान से कुछ भूमि का द0 दून हाउसिंग प्रा0 लि0 की तरफ से इकरारनामा किया गया है ?

6. यह कि (आरक्षित वन विभाग ने जो कि द0 दून हाउसिंग प्रा0 लि0 का क्षेत्रफल था) वन विभाग ने कितनी एकड़ भूमि भारतीय वन्य जीव संस्थान को आवंटित की है और यह कि वन विभाग ने भारतीय वन्य जीव संस्थान को यदि अपनी भूमि आवंटित की है तो कितने एकड़ की है ?

---- 2 पर

DWII OFFICE
DIARY NO.: 5159
DATE: 06/6/2018

WILDLIFE INSTITUTE OF INDIA
Right to Information Act, 2005
Apl. No. 21 Qtr. I Year 2018-19
Fee ____ Inward Date 6/6/18

CPIO
6/6/2018

7. भारतीय वन्य जीव संस्थान ने वन विभाग द्वारा आवंटित भूमि की एवज में वन विभाग को आवंटन के फलस्वरूप कितनी धनराशि दी गयी ?

8. यह कि भारतीय वन्य जीव संस्थान एवं वन विभाग द्वारा इसकी सूचना द0 दून हाउसिंग प्रा0 लि0 को दी गयी थी, यदि दी गई थी, तो उसकी छायाप्रति देने का कष्ट करें।

9. यह कि वन विभाग ने भारतीय वन्य जीव संस्थान को इतनी एकड़ भूमि देने का क्या उद्देश्य था ?

10. यह कि किस आदेश अथवा भूमि अर्जन अधिनियम 1894 के तहत भूमि भारतीय वन्य जीव संस्थान को दी ?

11. यह कि आवंटित भूमि के फलस्वरूप द0 दून हाउसिंग प्रा0 लि0 को क्या प्रतिकर दिया गया ?

12. यह कि भारतीय वन्य जीव संस्थान को आवंटित भूमि 20.38 एकड़ को छोड़कर और कितनी भूमि पर भारतीय वन्य जीव संस्थान किस–किस कार्य रूप से काबिज है, यदि है तो क्या उसका मुआवजा द0 दून हाउसिंग प्रा0 लि0 को दिया गया अथवा नहीं ?

13. यह कि शासन की अधिसूचना धारा–4 (1)/17 व धारा–6 (1)/17 प्रकाशित के अनुसार 20.38 एकड़ भूमि भारतीय वन्य जीव संस्थान को दी गई तो किस आधार के तहत (अधिसूचना के तहत) भूमि आवंटित की और कितनी की, क्या वन विभाग को इसका मुआवजा आपके विभाग ने दिया, दिया तो कितना दिया ?

––– 3 पर

14. यह कि क्या भारतीय वन्य जीव संस्थान को ज्ञात था कि द0 दून हाउसिंग प्रा0 लि0 का वाद माननीय न्यायालय देहरादून में धारा 20 के अन्तर्गत विचाराधीन है और यदि आपको ज्ञात था, तो क्या भारतीय वन्य जीव संस्थान ने किसी सम्बन्धित माननीय न्यायालय से वन विभाग का क्षेत्रफल लेने से पूर्व कोई आदेश प्राप्त किये ? यदि हां तो उक्त आदेश की छायाप्रति देने की कृपा करें ?

15. यह कि यदि द0 दून हाउसिंग प्रा0 लि0 से कोई अनुबन्ध है तो उसकी छायाप्रति देने की कृपा करें ?

<u>संलग्न :–</u> रू0 50/– का पोस्टल आर्डर।

प्रार्थी,

दिनांक : 06–06–2018

(रजत कुमार)
नि0 12/3, भण्डारी बाग,
देहरादून।